# कार्यालय नगर पालिका परिषद, रामपुर

## मैन्युअल निविदा सूचना

पत्रांकः 1339/HO(D)/न0पा0परि0 रामपुर/नि.सू./2024 — दिनांकः 29 नवम्बर, 2024

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद रामपुर के निर्माण विभाग द्वारा पालिका निधि/ राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से 81 कार्यों को कराये जाने हेतु दिनांक 30.11.2024 समय 10–00 बजे 23.12.2024 दोपहर 2.00 बजे तक मैन्युअल निविदायें आमंत्रित की जाती है। जिनको दिनांक 23.12.2024 को अपराह्न 4.00 बजे कार्यालय में खोला जायेगा। निविदा अभिलेख एवं शर्तें दिनांक 30.11.2024 समय 10–100 बजे से कार्यालय दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर व पालिका के निविदा नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्नानुसार हैः–

मैनुअल निविदा आमन्त्रित हेतु चयनित कार्यों की सूची

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | धनराशि जी0 एस0 टी0 रहित | धरोहर राशि 2% | टेण्डर फीस (GST सहित) | कार्य पूर्ण करने अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न0 –01, मौ0–विष्णु बिहार में श्री बाबूराम के मकान से श्री महेश कुमार भण्डारी एवं श्री रामपाल कश्यप के मकान तक इण्टरलाकिंग टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 403294.86 | 8065.90 | 485.00 | 45 दिन |
| 2 | वार्ड न0–01, मौ0–विष्णु विहार में श्री रामदास के मकान से श्री संतोष ठाकुर के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 353739.80 | 7074.80 | 425.00 | 45 दिन |
| 3 | वार्ड न0–02, मौ0– न्यू आबादी मड्यान बाग में श्री अशोक सैनी के मकान से श्री रवि के मकान तक, श्री दिनेश के मकान से श्री राहुल के मकान तक एंव श्री अब्बन खॉ, श्री डोरीलाल, श्री डालचन्द, श्री विजय, हरीशचन्द लाईन मैन के मकान के सामने इण्टरलॅकिंग सड़कों का नव निर्माण कार्य। | 408947.12 | 8178.94 | 485.00 | 45 दिन |
| 4 | वार्ड न0–02, मौ0–नादरबाग मड्यान में श्री शब्बू के मकान से श्री वाहिद के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 387598.42 | 7751.97 | 470.00 | 45 दिन |
| 5 | वार्ड न0–02, मौ0–नादरबाग मड्यान में बैंक ऑफ इन्डिया वाली गली में श्री नूर अली के मकान से श्री साहब खॉ के मकान तक इंटरलाकिंग रोड व नाली का पुर्ननिर्माण कार्य। | 247785.14 | 4955.70 | 300.00 | 45 दिन |
| 6 | वार्ड न0–03, मौ0–शिवापुरम में श्री सुनील कालरा के मकान से कैप्टन श्री रामपूर्ति श्रीधर के मकान तक तक इन्टरलॉकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 170787.96 | 3415.76 | 220.00 | 45 दिन |
| 7 | वार्ड न0–03, मौ0–रामनाथ कालोनी में श्री मनोज कुमार सक्सेना के मकान से श्री प्रमोद सक्सेना व श्री प्रदीप शर्मा के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क व नाली का नवनिर्माण कार्य। | 178296.70 | 3565.93 | 220.00 | 45 दिन |
| 8 | वार्ड न0–03, जजैस रोड में श्री अंसलम के मकान से श्री परवेज के मकान तक इन्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 197999.66 | 3959.99 | 240.00 | 45 दिन |
| 9 | वार्ड न0–04, मौ0–ज्वाला नगर में श्रीमती बिन्दिया के मकान से श्री संजू सक्सेना के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का निर्माण कार्य। | 367223.45 | 7344.47 | 500.00 | 45 दिन |
| 10 | वार्ड न0–04, मौ0–इन्द्रप्रस्थ कालोनी में श्री जगदीश के मकान से श्री लीलाधर के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का निर्माण कार्य। | 264562.34 | 5291.25 | 320.00 | 45 दिन |
| 11 | वार्ड न0–04, मौ0–इन्द्रप्रस्थ कालोनी में सुरभि ब्यूटी पार्लर से लकी टेलर की दुकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का निर्माण कार्य। | 84670.74 | 1693.41 | 100.00 | 45 दिन |
| 12 | वार्ड न0–05 अनम कालोनी में श्री गुडडू के मकान से श्री आलम मकान तक इण्टरलाकिंग सडक व नाली का नव निर्माण कार्य। (कच्चा मार्ग) | 305231.88 | 6104.64 | 370.00 | 45 दिन |
| 13 | वार्ड न0–05 अनम कालोनी में मैन रोड से श्री महबूब के मकान तक इण्टरलाकिंग सडक व नाली का नव निर्माण कार्य। (कच्चा मार्ग) | 305231.88 | 6104.64 | 370.00 | 45 दिन |
| 14 | वार्ड न0–06, मौ0 पक्का बाग में श्री शहजाद कुरैशी के मकान से श्री नूर मोहम्मद के मकान तक, श्री अफसर के मकान से बतासे वाली गली तक, नितिन जनरल स्टोर से मुल्ला सब्जी वाले तक काले नाना मजार पर श्री जाहिद चाय बाले से मोहम्मद कुरैशी के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का मरम्मत कार्य। | 407749.10 | 8154.98 | 485.00 | 45 दिन |
| 15 | वार्ड न0–07, मौ0–आवास विकास में श्री राकेश रस्तोगी के मकान से श्री नादर के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 296981.86 | 5939.64 | 355.00 | 45 दिन |
| 16 | वार्ड न0–07, मौ0– पुराना आवास विकास में श्री कमल गुप्ता के मकान से श्री महेश प्रकाश वर्मा के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 184430.30 | 3688.61 | 230.00 | 45 दिन |
| 17 | वार्ड न0–07, मौ0–आवास विकास एल0आई0 सी0 रोड पर राजस्थान मार्बल के पास नाला मरम्मत व स्लैब का कार्य। | 356911.56 | 7138.23 | 425.00 | 45 दिन |
| 18 | वार्ड न0–08, मौ0–ज्वाला नगर में श्री अनिल कुमार सक्सेना के मकान से श्री राजेश कुमार सक्सेना के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुर्नर्निर्माण कार्य। | 260402.48 | 5208.05 | 320.00 | 45 दिन |
| 19 | वार्ड न0–08, मौ0–ज्वाला नगर में शकुन्तला लोधी से मुनव्वर जैदी के घर तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स एंव नाली पुर्ननिर्माण कार्य। | 215659.18 | 4313.18 | 260.00 | 45 दिन |
| 20 | वार्ड न0–09, मौ0– कोतवालान (आटालानूर) में श्री खुरशीद के मकान से श्री अथर के मकान तक एंव बन्टी श्री कामरान, श्री मीनू परवेज श्री मंसूर पतंग वाले, श्री दानिश श्री वजीर श्री साकिब के मकान के सामने इन्टरलॉकिंग सड़क, नाली व पुलिया की मरम्मत कार्य। | 310767.70 | 6215.35 | 380.00 | 45 दिन |
| 21 | वार्ड न0–10, मौ0–चौक मोहम्मद सईद खां मछली बाजार में छुनवा के मकान से बब्बू के मकान तक इण्टरलाकिंग सडक व नाली का पुर्ननिर्माण। | 393510.62 | 7870.21 | 480.00 | 45 दिन |
| 22 | वार्ड न0–10, मौ0–तोपखाना रोड, मुराद स्कूल के सामने श्री शमीम अहमद के मकान से श्री महफूज एडवोकेट के मकान तक इण्टरलाकिंग सडक व नाली का पुर्ननिर्माण। | 229695.94 | 4593.92 | 480.00 | 45 दिन |
| 23 | वार्ड न0– 11, मौ0– ज्वाला नगर में रविन्द्र प्रतापठाकुर वाली गली एवं डा0 अरूण कुमार श्रीवास्तव वाली गली में इन्टरलॉकिंग टाईल्स व नाली का निर्माण कार्य। | 398462.60 | 7969.25 | 472.00 | 45 दिन |
| 24 | वार्ड न0–12, मौ0– एकता विहार कालोनी में श्री उजैर शम्सी के मकान से श्री विवेक अग्रवाल के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 350677.10 | 7013.54 | 425.00 | 45 दिन |
| 25 | वार्ड न0–12, मौ0–गंगापुर न्यू आवास विकास में श्री विजय अवतार सक्सैना के मकान से श्री कपिल शर्मा के मकान तक इन्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 355998.90 | 7119.98 | 425.00 | 45 दिन |
| 26 | वार्ड न0–13, मौ0–कुण्डा में श्री अजीम के मकान से श्री अमजद के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स एंव नाली पुर्ननिर्माण कार्य। | 178181.90 | 3563.64 | 220.00 | 45 दिन |
| 27 | वार्ड न0–13, मौ0–घेर दरिया खां में मेरठ वालों के मकान से श्री आजम के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स एंव नाली पुर्ननिर्माण कार्य। | 362168.58 | 7243.37 | 440.00 | 45 दिन |
| 28 | वार्ड न0–14, मौ0–घेर नज्जू खॉ में श्री जाहिद के मकान से श्री तौकीर के मकान तक, व श्री बादशाद के मकान से मास्टर श्री महबूब के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड, व नाली मरम्मत का कार्यं। | 406175.52 | 8123.51 | 490.00 | 45 दिन |
| 29 | वार्ड न0–15, मौ0–खटटा बुद्धन खां में अली मस्जिद से श्री गुलवेज खां के फाटक तक इन्टरलाकिंग टाईल्स एवं नाली का निर्माण कार्य। | 406224.72 | 8124.49 | 490.00 | 45 दिन |
| 30 | वार्ड न0–15, मौ0– नालापार भुर्जी का भाड में श्री फैजल खां के मकान से श्री मुन्ने खां के मकान तक इन्टरलाकिंग सडक व नाली का निर्माण कार्य। | 222354.48 | 4447.09 | 275.00 | 45 दिन |
| 31 | वार्ड न0–16, मौ0–मदरसाकोना वाल्मीकि बस्ती में श्री रामसराय के मकान से श्री सतीश के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क का पुनर्निर्माण कार्य। | 174868.28 | 3497.37 | 220.00 | 45 दिन |
| 32 | वार्ड न0–16, मौ0–मदरसाकोना में शब्बू खॉ के मकान से श्री वजाहत खॉ के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क का पुनर्निर्माण कार्य। | 400641.34 | 8012.83 | 485.00 | 45 दिन |
| 33 | वार्ड न0–17 मौ0–घेरमहाव खॉ में मौलाना श्री राशिद के मकान से श्री इन्तियाज के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 246055.76 | 4921.12 | 300.00 | 45 दिन |
| 34 | वार्ड न0–17 मौ0–घेर मुनब्बर खॉ में अख्तर के मकान से श्री जैदी साहब के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 264695.18 | 5293.90 | 320.00 | 45 दिन |
| 35 | वार्ड न0–18, मौ0–सैनियों वाली गली में श्री जुनैद की दुकान से श्री मुन्ने व श्री इमरान के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 358333.44 | 7166.67 | 425.00 | 45 दिन |
| 36 | वार्ड न0–19, मौ0–कसीम खां का महल में श्री अय्यूब के मकान से श्री सलीम के मकान तक व अन्य गलियों में इन्टरलाकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 292788.38 | 5855.77 | 360.00 | 45 दिन |
| 37 | वार्ड न0–19, मौ0–घेर तोगा में श्री असलम के मकान से श्री मकसूद के मकान तक व अन्य गलियों में इन्टरलाकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 373831.44 | 7476.63 | 450.00 | 45 दिन |
| 38 | वार्ड न0–20, मौ0–बेरियान में श्री शावेज के मकान से श्री पप्पू के मकान तक इन्टरलाकिंग सडक व नाली का पुर्ननिर्माण कार्य। | 256205.79 | 5124.12 | 310.00 | 45 दिन |
| 39 | वार्ड न0–20, मौ0–बेरियान में श्री शाहनवाज के मकान से श्री रिजवान के मकान तक इन्टरलाकिंग सडक व नाली का पुर्ननिर्माण कार्य। | 249240.25 | 4984.81 | 300.00 | 45 दिन |
| 40 | वार्ड न0–21, मौ0–राजद्वारा, मुख्कू मियां गली में श्री साविक मेम्बर के मकान से मैन रोड तक इन्टरलाकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 312642.22 | 6252.84 | 380.00 | 45 दिन |
| 41 | वार्ड न0–21, मौ0–राजद्वारा, चक्की वाली गली में श्री कफील के मकान के पास इन्टरलाकिंग टाईल्स व नाली मरम्मत का कार्य। | 81460.44 | 1629.21 | 95.00 | 45 दिन |
| 42 | वार्ड न0– 22, मौ0–सरताज मौहम्मद के मकान से आजम के मकान तक विभिन्न गलियों में इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 346034.26 | 6920.69 | 360.00 | 45 दिन |
| 43 | वार्ड न0– 22, मौ0–घेर मियां खां में जेल के पीछे पुलिया का पुनर्निर्माण कार्य। | 383830.52 | 7676.61 | 465.00 | 45 दिन |
| 44 | वार्ड न0–23, मौ0– पुरानागंज में रामप्रसाद कन्या हाईस्कूल से मन्जूर के मकान तक व अमीरूददीन के मकान से मैन रोड इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 203273.08 | 4065.46 | 250.00 | 45 दिन |
| 45 | वार्ड न0–23, मौ0–गली मोचियान में दोमहला रोड से श्री अकरम सैफी के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 326144.18 | 6522.88 | 390.00 | 45 दिन |
| 46 | वार्ड न0–23, मौ0–मदरसा आलिया में श्री लाल बादशाह के मकान से श्री मकसूद अहमद के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 364616.28 | 7292.33 | 450.00 | 45 दिन |
| 47 | वार्ड न0–24, मौ0–इमली बतनिया व झण्डा में श्री जाहिद के मकान से श्री इरशाद से श्री मतलूब, श्री अकरम के कारखाने से श्री इमरान, श्री शरीफ से मुजफफर, श्री जाहिद से श्री शाहिद, श्री बाबू से कासिफ, श्री जमीर से बिलाल के मकान तक इन्टरलाकिंग सडक नाली, पुलिया मरम्मत का कार्य। | 390028.08 | 7800.56 | 480.00 | 45 दिन |
| 48 | वार्ड न0–25, मौ0– बंगला आजाद खॉ में श्री नवी अहमद के मकान से श्री सरवत अली खॉ एडवोकेट के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 266702.54 | 5334.05 | 320.00 | 45 दिन |
| 49 | वार्ड न0–25, मौ0–घेर सिकत्तर में श्री तन्नू कुरैशी के मकान से श्री मंजूर कुरैशी के मकान व छोटी मस्जिद तक इन्टरलॉकिंग सड़क व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 218665.30 | 4373.31 | 260.00 | 45 दिन |
| 50 | वार्ड न0–26, मौ0– आखूनखलान (सराय फतेह खॉ) में श्री फारूख के मकान से श्री बाबू के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क का पुनर्निर्माण कार्य। | 460724.38 | 9214.49 | 555.00 | 45 दिन |
| 51 | वार्ड न0–27, मौ0–शेर जम्मा खॉ में श्री ऐजाज के मकान श्री फैज मार्केट व श्री आमिर के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 291591.18 | 5831.82 | 355.00 | 45 दिन |
| 52 | वार्ड न0–28, मौ0– नाला पार (मोरी गेट) मे कब्रिस्तान के सामने से श्री अकरम के मकान तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्यं। | 292388.22 | 5847.76 | 355.00 | 45 दिन |
| 53 | वार्ड न0–28, मौ0– नाला पार (मोरी गेट) मे श्री मलिक साहब के मकान से श्री मेराज अहमद के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 408311.08 | 8166.22 | 485.00 | 45 दिन |
| 54 | वार्ड न0–29, मौ0–ताशका में नारायण सिंह के मकान से कैमरी रोड तक आर0 सी0 सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 388206.86 | 7764.14 | 460.00 | 45 दिन |
| 55 | वार्ड न0– 30, मौ0– मिस्टनगंज लंगरखाने की गली में श्री पंकज अग्रवाल की दुकान से श्री गगन (आर0टी0ओ0 वाले) के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क का पुनर्निर्माण कार्य। | 396789.80 | 7935.80 | 475.00 | 45 दिन |
| 56 | वार्ड– 30, मौ–कूचा परमेश्वरी में भगवती मार्केट के पीछे श्री राम प्रकाश गुप्ता के मकान से भैया मार्केट तक सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 387434.42 | 7748.69 | 460.00 | 45 दिन |
| 57 | वार्ड न0– 31, मौ0–तालाब निहालुददीन में श्री भूरा की डेरी से श्री समी खां के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स एंव नाली पुर्ननिर्माण कार्य। | 408997.90 | 8179.96 | 485.00 | 45 दिन |
| 58 | वार्ड न0–31 मौ0–तालाब निहालुददीन में श्री नाज़िम के मकान से थाना गंज के गेट तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स एंव नाली पुर्ननिर्माण कार्य। | 400616.79 | 8012.34 | 485.00 | 45 दिन |
| 59 | वार्ड न0–32, मौ0– शुतरखाना कन्नी वाली गली में कायम पेन्ट की दुकान से श्रीमति मुन्नी के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 164395.24 | 3287.90 | 200.00 | 45 दिन |
| 60 | वार्ड न0–32, मौ0– घेर सैफुद्दीन खॉ में श्री किश्वर आरा के मकान से बाबर खॉ के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 230830.82 | 4616.62 | 285.00 | 45 दिन |
| 61 | वार्ड 33, मौ0–मठ वाला कब्रिस्तान में श्री सुरेश के मकान से श्री वसीम खां एंव कब्रिस्तान के गेट तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स एंव पुर्ननिर्माण कार्य। | 377623.12 | 7552.46 | 450.00 | 45 दिन |
| 62 | वार्ड 33, मौ0–मठ वाला कब्रिस्तान में श्री जमीर के मकान से श्री कल्ली के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स एंव नाली पुर्ननिर्माण कार्य। | 240705.26 | 4814.11 | 300.00 | 45 दिन |
| 63 | वार्ड न0–34, मौ0–बेलदारान में श्री मुन्ने की दुकान से श्री आलम के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 397251.46 | 7945.03 | 480.00 | 45 दिन |
| 64 | वार्ड न0–35, मौ0– बन्दूकचियान में श्री शाहिद अब्रनिया परवेज शकिल भाई मंजूर भाई मुन्ने भाई चक्की लाल कबर कब्रिस्तान दिनेश सागर डिपो ताहिर भाई से फिरोज शादाब के मकान के सामने तक नाली व इंटरलाकिंग सड़क मरम्मत का कार्य। | 323465.40 | 6469.31 | 390.00 | 45 दिन |
| 65 | वार्ड न0–35, मौ0–बन्दूकचियान में श्री शरीफ के मकान से श्री पप्पू कपडें वाले व श्री भगवान दास के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 306779.22 | 6135.58 | 370.00 | 45 दिन |
| 66 | वार्ड न0–36, मौ0–घेर रहमत खॉ में श्री रिजवान के मकान से श्री फिरोज के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 408448.56 | 8168.97 | 485.00 | 45 दिन |
| 67 | वार्ड न0–36, मौ0–घेर रहमत खॉ में श्री जलीस के मकान से श्री मंसूर व श्री अब्बास के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 406766.74 | 8135.33 | 475.00 | 45 दिन |
| 68 | वार्ड न0–37, मौ0–कैथवाली मस्जिद चाह खैयतान में सुपर टेलर से श्री मुकेश रस्तोगी के मकान तक, श्री ऋषभ ठाकुर के मकान से हरी टेलर तक, श्री मोहित रस्तोगी के मकान से श्री कपिल रस्तोगी के मकान तक, श्री विनोद रस्तोगी के मकान से सनातन धर्म मन्दिर तक, श्री अनिल के मकान से श्री प्रमोद एम0 के0 गुप्ता के मकान व मुकुट मन्दिर तक, श्री रामनिवास रस्तोगी के मकान से श्री रामौतार के मकान तक व श्री जगदीश लाला के मकान से श्री राजेन्द्र के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक, नाली व पुलिया का मरम्मत कार्य। | 394878.38 | 7897.57 | 472.00 | 45 दिन |
| 69 | वार्ड न0–38, मौ0–जीना इनायत खां में श्री इकराम जूस वाले के मकान से श्री जीशान की मंकान तक इन्टरलाकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 198661.40 | 3973.23 | 250.00 | 45 दिन |
| 70 | वार्ड न0–38, मौ0– खुटा महल में जुनैद खॉ के मकान से इमली वाली मस्जिद कोर्नर तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 187805.42 | 3756.11 | 334.00 | 45 दिन |
| 71 | वार्ड संख्या 39, मौ0–जुम्मा कालोनी टावर वाली गली में खुर्शीद के मकान से श्री लाल भाई के मकान तक विभिन्न गलियों में इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 423872.76 | 8477.46 | 510.00 | 45 दिन |
| 72 | वार्ड संख्या 39, मौ0–बजोड़ी टोला जुम्मा खां की मस्जिद के बराबर में नगर पालिका कर्मचारी मोईन के मकान से श्री इरफान के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 314359.30 | 6287.19 | 380.00 | 45 दिन |
| 73 | वार्ड न0–40, मौ0–तालाव मुल्लाएरम में श्री युसूफ के मकान से श्री दानिश के मकान तक इन्टरलाकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 302147.86 | 6042.96 | 370.00 | 45 दिन |
| 74 | वार्ड न0–40 मौ0 मुल्ला ऐरम का तालाब में श्री सज्जन के मकान तक श्री नासिर मियां के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग सडक पुर्ननिर्माण का कार्य। | 323147.24 | 6462.94 | 390.00 | 45 दिन |
| 75 | वार्ड न0–40 मौ0 मुल्ला ऐरम तालाब में श्री मुन्ना के मकान से श्री नूर अहमद के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग पुर्ननिर्माण का कार्य। | 123668.30 | 2473.37 | 150.00 | 45 दिन |
| 76 | वार्ड 41, मौ0–सराय जहांगीर में श्री शवेज के प्लॉट से श्री असलम के मकान तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 345312.66 | 6906.25 | 420.00 | 45 दिन |
| 77 | वार्ड 41, मौ0–सराय जहांगीर में पी0डब्लू0डी0 रोड से खां साहब के मकान तक इण्टरलाकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 391144.92 | 7822.90 | 480.00 | 45 दिन |
| 78 | वार्ड 42, मौ0–ऊँची मस्जिद सरदार एडवोकेट के घर से फैजुउद्दीन घर होते हुए रिहान फलैक्सी के घर तक इण्टरलाकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 301871.52 | 6037.43 | 370.00 | 45 दिन |
| 79 | वार्ड न0–42, मौ0–थानाटीन में श्री रशीद के मकान से श्री कमर के मकान तक इंटरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 386798.92 | 7735.98 | 465.00 | 45 दिन |
| 80 | वार्ड न0–43, मौ0–सतुनेसंग में डायमंड स्कूल से श्री ताहिर खॉ के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 147083.40 | 2941.67 | 180.00 | 45 दिन |
| 81 | वार्ड न0–43, मौ0–मस्जिद झब्बू खां में केले वाली गली में मैन रोड से श्री सज्जन के मकान तक इन्टरलॉकिंग सडक व नाली का पुनर्निर्माण कार्य। | 382122.46 | 7642.45 | 455.00 | 45 दिन |
| | **योग** | **25035980.24** | **500719** | **30348** | |

प्रतिबन्धः–

1. समस्त ठेकेदार/फर्म शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा/2019 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 व निदेशक महोदया के पत्र संख्या एक/706/कम्प्यू0सेल/2019 दिनांक 27 सितम्बर 2019 के अनुसार निविदा उक्त कार्यो हेतु डाल सकते है।
2. प्रत्येक कार्य के सापेक्ष निविदा शुल्क की धनराशि पृथक–पृथक डी0डी0 के रुप में निविदा के साथ जमा कराना अनिवार्य होगा।
3. निविदाकर्ता को निविदा के साथ प्रत्येक कार्य के सापेक्ष पृथक–पृथक 2 प्रतिशत धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/डाकघर की बचत पासबुक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, रामपुर के नाम बंधक कराकर निविदा पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अथवा नगर पालिका परिषद, रामपुर के एच0डी0एफ0डी0 बैंक शाखा रामपुर में खाता संख्या 50100494209772 (IFSC Code HDFC0001916) में नकद व आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से भी जमा कर सकते है।
4. सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और स्वतः निरस्त समझी जायेगी।
5. समस्त निविदाओं अथवा किसी निविदा को भी बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, रामपुर में निहित होगा जिसके लिये माननीय न्यायालय में किसी प्रकार का वाद प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा।
6. निविदादाता द्वारा निविदा डालने समय प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी/ट्रेनिंग अथवा अन्य किसी कारण से शर्तो को पूर्ण न कर पाने/बाधित हो जाने के कारण निविदा न पड़ने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
7. कार्य सम्पन्न कराने में सामग्री/लोडिंग/अपलोडिंग चार्जेज कार्टेज व अन्य कोई भी डयूटीज आदि की देयता निविदादाता की होगी।
8. निविदाता द्वारा दी जाने वाली निविदा राशि के अतिरिक्त कोई भी कर व कार्टेज डयूटी देय नहीं होगा, और ना ही अनुमन्य होगा, समस्त देयता ठेकेदार/फर्म की होगी, निकाय उसके लिए उत्तरदायी नहीं होगी।
9. निविदाकर्ता का व्यापार कर आयकर व श्रम विभाग में पंजीकरण अनिवार्य है। जिसकी स्व प्रमाणित प्रति निविदा के साथ संलग्न कराना अनिवार्य होगा।
10. निविदाकर्ता द्वारा अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र, अद्यतन हैसियत प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, जी0एस0टी0 नम्बर, आदि प्रमाण पत्र की प्रति निविदा पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। छायाप्रति यदि पठनीय नहीं है तो मान्य नहीं होगी।
11. निविदा स्वीकृति के एक सप्ताह के भीतर निविदाकर्ता द्वारा स्वयं के व्यय पर समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करना आवश्यक होगा तथा अपने व्यय पर 100.00 रुपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध निष्पादित करना आवश्यक होगा।
12. न्यनूतम निविदादाता को कार्य आदेश के अनुसार कार्य प्रारम्भ करना होगा अन्यथा ऐसा न करने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामपुर को अधिकार होगा कि उसकी अरनेस्टीमनी जब्त करते हुए उसकी निविदा निरस्त कर दें।
13. सभी कार्यो हेतु कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य करते समय एवं कार्य समाप्ति के पश्चात के फोटोग्राफ उपलब्ध कराने आवश्यक होंगे।
14. अनुबन्ध गठित होने के पश्चात भी यदि यह तथ्य संज्ञान में आता है कि किसी भी स्तर का उल्लंघन किया गया है तो ऐसे अनुबन्ध को अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, रामपुर द्वारा सकारण आदेश प्रख्यापित कर निरस्त किया जायेगा।
15. सर्वाधिकार पालिका परिषद, रामपुर में सुरक्षित रहेगा तथा किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र रामपुर होगा।
16. कार्यालय की शर्तो (टैक्निकल बिड) को जो पूरा करेगा, उसी ठेकेदार की फाइनेंशियल बिड खोली जायेगी।
17. ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार/फर्म द्वारा निविदा में प्रतिभाग नहीं किया जा सकता ऐसा करने पर ठेकेदार/फर्म की निविदा को स्वतः निरस्त माना जायेगा। इस सम्बन्ध में ठेकेदार/फर्म द्वारा 100/– रुपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा कि किसी भी विभाग में ब्लैक लिस्टेड नहीं है और न ही उसके ऊपर कोई अपराधिक मुकदमा चल रहा है, और न ही उसका कोई रक्त सम्बन्धी अथवा रिश्तेदार नगर पालिका परिषद, रामपुर में कार्यरत है।
18. शासनादेश सं0 1319/नौ–9–21–45ज/21 नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 के अनुसार कार्य/सडक् के निर्माण पूर्ण होने के पश्चात 1 वर्ष तक अनुरक्षण/रख रखाव की जिम्मेदारी सम्बन्धित कन्ट्रेक्टर की होगी। कार्य लागत की 10 प्रतिशत धनराशि परफार्मेन्स गारन्टी के रूप में 1 वर्ष के उपरान्त सडक् के समुचित रख रखाव एवं सन्तोषजनक होने की दशा में भुगतान की जायेगी।
19. ठेकेदार को समय–समय पर जारी शासनादेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
20. निविदादाता को सम्बन्धित कार्यो का अनुभव होना आवश्यक है।
21. उपरोक्त के अतिरिक्त स्वीकृत निविदा दाता को शासन/प्रशासन का यदि कोई अन्य आदेश होगा तो वह भी मान्य होगा।

(दुर्गेश्वर त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रामपुर

(सना मामून)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रामपुर

# भाजपा जो फर्जी ऑडियो प्रचारित कर रही, उसके प्रसारण पर हाइकोर्ट की है रोक - संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




भाजपा नेताओं द्वारा एक फर्जी ऑडियो चलाए जाने पर आम आदमी पार्टी ने सख्त आपत्ति जताई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि आज भाजपा जो फर्जी ऑडियो प्रचारित कर रही है, दिल्ली हाइकोर्ट ने उसके प्रसारण पर रोक लगा रखी है। कोर्ट की रोक के बावजूद जो भाजपा नेता या कोई अन्य इस ऑडियो को प्रसारित कर रहा है, उसके खिलाफ हम मानहानि का केस करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के फर्जी ऑडियो क्लिप से हम रुकने वाले नहीं हैं। हम दिल्ली की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते रहेंगे। भाजपा अब भारतीय झूठा और झगड़ा पार्टी बन चुकी है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली में बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। इसलिए भाजपा और अमित शाह अपराध को रोकने की बजाय केजरीवाल को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि देश की सत्ताधारी पार्टी, जो अपने आपको दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहती है, उसके बारे में दो सबसे बड़ी बातें साबित हो चुकी हैं। अब हिंदुस्तान की जनता के दिल और दिमाग में यह बैठता जा रहा है कि दरअसल भाजपा ह्लभारतीय झूठा पार्टीह्व और ह्लभारतीय झगड़ा पार्टीह्व बन गई है। इस पार्टी का मकसद केवल झूठ बोलना और झगड़ा कराना है। अपने झूठ और झगड़े के माध्यम से भाजपा पूरे देश को बर्बाद करना चाहती है। इसी सिद्धांत को अपनाते हुए आज भारतीय झूठा पार्टी ने फिर से देश के सामने एक नया झूठ प्रस्तुत किया। एक नया ड्रामा किया जिसे देश की मीडिया ने बिना वैरिफाई किए चलाया। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि पिछले कई दिनों से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली की कानून व्यवस्था का सवाल उठा रहे हैं। यहां गैंगरेप और गैंगवॉर हो रहे हैं। माफिया राज चल रहा है। व्यापारियों को गोली मारी जा रही है। महिलाओं को सड़कों पर घसीटकर उनकी जान ली जा रही है। संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल यह सारे मुद्दे उठा रहे हैं, लेकिन गृह मंत्री अमित शाह बजाय इसके कि वह अरविंद केजरीवाल के सवालों का जवाब दें और दिल्ली में अपराध रोकें, वह केजरीवाल को रोकने में लगे हुए हैं। केजरीवाल के खिलाफ तमाम तरह की साजिशें रचने में लगे हुए हैं। उन्हें लोगों का ध्यान इन गंभीर मुद्दों से हटाना है। इसके लिए भाजपाइयों के पास केवल झूठ का सहारा होता है।

# दिल्ली पंचायत संघ ने किया मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का स्वागत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली । दिल्ली पंचायत संघ ने आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव के दिल्ली आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व ओबीसी चेयरमैन दिल्ली, जगदीश यादव, जो वर्तमान में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के अध्यक्ष हैं, ने संगठन के अन्य पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन किया। दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को गांव, ग्रामीण और किसानों के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने दिल्ली के देहात, गांव और किसानों से संबंधित मुद्दों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी और इन समस्याओं के समाधान के लिए समर्थन मांगा। इस मौके पर जगदीश यादव ने कहा, हम ओबीसी समाज को साथ लेकर चल रहे हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उनकी मांगों को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं और समाज के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंचायत संघ के पदाधिकारियों और ओबीसी समाज के नेताओं के प्रयासों की प्रशंसा की और ग्रामीण विकास के लिए उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने ग्रामीण और किसान समाज से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से सुनने और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पंचायत संघ और ओबीसी समाज के सदस्य मौजूद रहे। यह आयोजन दिल्ली के गांव और ग्रामीण समाज के हितों की दिशा में एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर दिल्ली कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी में शामिल हुए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




देश के जन नेता अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा, बुजुर्गों के लिए पेंशन और मुफ्त तीर्थ यात्रा जैसी ऐतिहासिक योजनाओं से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग लगातार आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को कांग्रेस पार्टी के कई नेता सैकड़ों कार्यकताओं के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। दिल्ली के खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन की मौजूदगी में शनिवार,दिल्ली प्रदेश यूथ कांग्रेस कमेटी की जनरल सेक्रेटरी को मोनिजा आबिद कुरैशी, चांदनी चौक से एक्स डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट हसीनुद्दीन कुरैशी व मो. आबिद, मो. अशरफ, सलीम, सईम, आयान, फाजिल साबिर कुरैशी, अली कुरैशी, हरमैन कुरैशी, जहीरूद्दीन, मोहम्मद वली आबिद कुरैशी, आमान सरताज कुरैशी, डीपीवाईसी के पूर्व प्रदेश जनरल सेक्रेटरी यश खनगवाल, नितिन इंदौरिया, करन इतकान,इफ्तिखार, अलीम अली, अरुण इंदौरिया सहित कांग्रेस के अन्य कार्यकताओं ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दिल्ली के खाद्य पूर्ति मंत्री व बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने ने टोपी-पटका पहनाकर सभी का आम आदमी पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं ने कहा कि वह अरविंद केजरीवाल जी के एतिहासिक काम व आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आए हैं। जिस प्रकार अरविंद केजरीवाल जी ने जेल में रहते हुए भी विकास कार्यों को रुकने नहीं दिया और जब आज अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली की जनता के बीच है तो लोगों का जो प्यार अरविंद केजरीवाल जी को मिल रहा है इससे अन्य सभी विपक्षी पार्टियों के नेता बौखला गए हैं। दिल्ली के खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने नेताओं का आम आदमी पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि आज दिल्ली में केजरीवाल सरकार जो विकास के कार्य कर रही है उससे प्रभावित होकर अन्य दलों के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं। बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने कहा कि इन सभी जुझारू कार्यकताओं के जुड़ने से आम आदमी पार्टी को दिल्ली में और मजबूती मिलेगी, पार्टी संगठन और मजबूत होगा। इस अवसर पर इमरान हुसैन ने कहा कि इस देश में शिक्षा और स्वास्थ्य की गारंटी अगर कोई नेता दे सकता है तो वह सिर्फ अरविंद केजरीवाल हैं। केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार ने पिछले आठ- दस वर्षों में दिल्ली ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं जिसकी चर्चा आज देश के साथ-साथ विदेश में भी हो रही है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार ने दिल्लीवासियों को मुफ्त बिजली, साफ पानी, इलाज, शिक्षा, महिलाओं के लिए बस यात्रा और तीर्थ यात्रा की सुविधा दी जिसके चलते अरविंद केजरीवाल दिल्ली वालों के दिल में बसते है और दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को हराना नामुमकिन है! इस देश में केवल आम आदमी पार्टी ही जानती है कि ये सुविधाएं कैसे दी जाती हैं। विपक्षी पार्टी के नेता कई बार बोल चुके हैं कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता को मुफ्त की ह्यरेवड़ीह्ण बांट रहे हैं। हम कहते हैं कि हां हम ये मुफ्त की ह्यरेवड़ीह्ण दे रहे हैं। अगर लोगों को सुविधा देना मुफ्त की रेवड़ी है तो अरविंद केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में दिल्ली के लोगों को दिल्ली के लोगों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी,दिल्ली के सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी अस्पतालों में अच्छा इलाज,दिल्ली की महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा निरंतर जारी रहेगी चाहे विपक्षी दलों के लोग इसमें कितना भी अड़चन लगा ले!

## संक्षिप्त खबरें




### पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

गजरौला।स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत नगर पालिका परिषद के संयोजन में शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं के साथ ही ज्ञान भारती इंटर कालेज की छात्राओं ने प्रतिभाग किया व पालिका एवं विद्यालय की दीवार पर पेंटिंग बनाईं। इस दौरान नगर पालिका के स्वच्छता नोडल अधिकारी आदेश कुमार अग्रवाल, लिपिक इरशाद खां, लिपिक अजय कुमार, प्रमोद कुमार, लिपिक ललित कुमार, अक्षय शुक्ला, सुमित कुमार, गौरव कुमार, दीपू कुमार, अमित कुमार, दिनेश कुमार, रितिक सिंघल, शुभम सिंघल, यशवीर सिंह, दुष्यंत आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### नोएडा में फैक्टरी में हो रहे निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों के बीच झड़प

नोएडा,। नोएडा के मायचा गांव में बीती रात एक फैक्टरी में हो रहे निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों के बीच झड़प हो गई, जिसके बाद कुल 45 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दादरी थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात को उप निरीक्षक यशपाल शर्मा गश्त के दौरान मायचा गांव के पास पहुंचे तो उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग एक दूसरे पर लाठी, डंडों, सरियों से हमला कर रहे है। बताया जा रहा है कि एक कंपनी में हो रहे निर्माण कार्यों का दूसरा पक्ष विरोध कर रहा था और घटना के दौरान गोली चलाए जाने की भी सूचना मिली है। कुमार ने बताया कि शर्मा की दी हुई शिकायत के आधार पर कुल 45 लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास और दंगा समेत भारतीय न्याय सहिंता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मकान से नगदी और जेवरात चोरी

ग्रेटर नोएडा,। शहर की मित्रा एंक्लेव सोसाइटी में दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। घर में घुसकर चोर अलमारी में रखे पैसे और जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।बीटा दो कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोसाइटी में महेंद्र सिंह परिवार के साथ रहते हैं।

# नोएडा में साल भर में 406 बदमाश गिरफ्तार, 270 को लगी गोली, एक की हुई मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा,। जनपद गौतमबुद्ध नगर में महिलाओं और बच्चियों की अस्मत लूटने, डिजिटल रेप, लूटपाट, टप्पेबाजी, चोरी और गौ-कशी करने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस द्वारा बीते 10 से 11 माह के बीच चलाये गए विशेष अभियान में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 406 बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस की गोली लगने से 270 बदमाश घायल हो चुके हैं, जबकि एक बदमाश की मौत हो चुकी है। इनके पास से पुलिस ने 283 तमंचे, 462 कारतूस और भारी मात्रा में चाकू बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने लूटपाट, चोरी और टप्पे बाजी करने वाले गैंग के कुल 619 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें गैंगस्टर, गुंडा अधिनियम के अपराधी भी शामिल है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने एक विशेष बातचीत के दौरान बताया कि गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट यहां रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इसके तहत स्ट्रीट क्राइम पर प्रभावी रोकथाम की गई है। बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि विगत 5 वर्षों में गौतम बुद्ध नगर में हुए अपराधों को ध्यान में रखते हुए मोबाइल, चोरी की घटनाओं का विश्लेषण कर 3 जोन में वृहद कार्य योजना बनाई गई। जिसमें अपराध होने की जगह और समय को सूचीबद्ध करके क्राइम मैपिंग के पश्चात पुलिसिंग में बदलाव लाया गया। फुट पेट्रोलिंग, बाइक पेट्रोलिंग, पीआरबी, पीसीआर की लोकेशन, हॉटस्पॉट की दृष्टि से पुलिस की गस्त परिवर्तित कराई गई। डिकॉय मोबाइल की व्यवस्था की गई। और सादे वस्त्रों में टीम लगाई गई। कुछ महीने तक यह व्यवस्था 7 बजे से 9.30 तक, कुछ समय तक यह व्यवस्था 9 से 11.30 तक सुनिश्चित की गई। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर अपराध की प्रकृति के अनुसार बदलाव करते हुए यह व्यवस्था दिन में दोपहर के समय सुनिश्चित कराई गई। मॉर्निंग वॉक के लिए निकले लोगों की सुरक्षा के तहत सुबह के समय यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया कि नागरिकों द्वारा सोशल मीडिया पर दी जा रही सूचना के आधार पर भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई। उन्होंने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग हेतु स्थापित कराए गए सीसीटीवी कैमरों को आईटीएमएस कंट्रोल रूम से इंटीग्रेट कराकर रियल टाइम मॉनिटर करते हुए लाइव गिरफ्तारी सुनिश्चित कराई गई। उन्होंने बताया कि अधिकांश घटनाओं में गौतमबुद्ध नगर के समीपवर्ती राज्यों के रहने वाले अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं उनका प्रवेश गौतम बुद्ध नगर की सीमा में नियंत्रित करने में सफलता मिली है। प्रभावी अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत लुटेरे, मोबाइलध्चेन स्नेचर,टप्पेबाजी, लैपटॉप चोरी (ठक-ठक गैंग), व लिफ्ट लेकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध निरंतर कठोर कार्रवाई की गई। पुलिस आयुक्त ने बताया कि कमिश्नरेट गौतमबुद्ध के अंतर्गत एक 1 जनवरी वर्ष 2023 से नवंबर माह वर्ष 2024 तक इस तरह के अपराधियों के खिलाफ कुल 448 अभियोग पंजीकृत हुए इसके तहत 619 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें अधिकांश मुकदमे पुलिस मुठभेड़ से संबंधित है। उन्होंने बताया कि नोएडा जोन में 226 अभियोग पंजीकृत किया गया।जिसमें 332 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई। इसमें 46 बदमाश गैंगस्टर एक्ट के और 22 बदमाश गुंडा एक्ट के शामिल है। जबकि 24 गैंग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि सेंट्रल नोएडा जोन में 122 अभियोग पंजीकृत करते हुए 183 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने बताया कि इसमें 16 अभियुक्त गैंगस्टर और 9 अभियुक्त गुंडा अधिनियम के हैं। एक गैंग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा जोन में 60 अभियोग पंजीकृत करते हुए 104 बदमाशों की गिरफ्तारी की गई। जिसमें 20 बदमाश गैंगस्टर एक्ट के, 18 बदमाश गुंडा अधिनियम के हैं। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी वर्ष 2023 से 14 नवंबर 2024 तक गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में बदमाशों के साथ 228 पुलिस मुठभेड़ हुई।

# दो इंस्पेक्टर और11 चालक समेत 23 पुलिसकर्मियों का कार्य क्षेत्र बदला

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा।पुलिस विभाग में तबादलों का दौर जारी है। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने दो इंस्पेक्टर और 11 चालक समेत 23 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र बदले है। शहर कोतवाली में तैनात चालक देवेंद्र बालियान को थाना आदमपुर, अमरोहा देहात थाने में तैनात चालक विकास राठी को थाना गजरौला, नौगावां सादात थाने में तैनात चालक ओम सिंह को थाना रजबपुर, डिडौली कोतवाली में तैनात चालक मनोज बालियान को थाना सैदगनली, बछरायूं थाने में तैनात चालक परविंद्र कुमार को थाना नौगावां सादात, मंडी धनौरा थाने में तैनात चालक संजय राठी को हसनपुर कोतवाली, रजबपुर थाने में तैनात चालक मनोज कुमार को थाना अमरोहा देहात, हसनपुर कोतवाली में तैनात चालक सत्येंद्र कुमार को थाना बछरायूं, गजरौला थाने में तैनात चालक मनोज उपाध्याय को थाना रहरा, सैदनगली थाने में तैनात हेड कांस्टेबल चालक वेद प्रकाश दीक्षित को थाना मंडी धनौरा व रहरा थाने में तैनात चालक सचिन पंवार को डिडौली कोतवाली भेजा है। इसके अलावा आदमपुर थाने में तैनात कांस्टेबल कपिल बालियान को शहर कोतवाली, शहर कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल दीपक राणा को थाना बछरायूं, अमरोहा देहात थाने में तैनात विक्रम सिंह को थाना रहरा, नौगावां सादात थाने में तैनात कांस्टेबल प्रदीप कुमार को थाना सैदनगली, डिडौली कोतवाली में तैनात विकास तोमर को थाना अमरोहा देहात, बछरायूं थाने में तैनात कांस्टेबल बादल नैन को डिडौली, थाना मंडी धनौरा में तैनात संजय कुमार को हसनपुर व अजय कुमार का तबादला शहर कोतवाली में किया है। वहीं, रजबपुर थाने में तैनात रविंद्र बालियान को नौगावां सादात, हसनपुर कोतवाली में तैनात राहुल ढाका को थाना मंडी धनौरा, गजरौला थाने में तैनात कुलदीप सिंह को शहर कोतवाली व रहरा थाने में तैनात मोहित चौहान को रजबपुर थाने में तैनाती दी है। एसपी ने दो दिन पहले प्रभारी व्यापार प्रकोष्ठ सिटीजन चार्टर सतीश कुमार को अमरोहा देहात थाने का अपराध निरीक्षक बनाया था,उनका स्थानांतरण निरस्त करते हुए अब उन्हें डिडौली कोतवाली का अपराध निरीक्षक बनाया है। डिडौली कोतवाली में तैनात अपराध निरीक्षक रविंद्र मलिक का स्थानांतरण रोकते हुए उन्हें अब अमरोहा देहात थाने में इसी पद की जिम्मेदारी दी है।

### अंडरवियर में छिपाकर लाया सोना, एयरपोर्ट पर पकड़ा गया

नई दिल्ली,। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने सोने की तस्करी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपी जेद्दा से दिल्ली आया था और अपनी अंडरवियर में पेस्ट के रूप में सोना छिपाकर लाया था। इसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। कस्टम विभाग मामले में पता करने की कोशिश कर रही है कि वह किसके कहने पर यह सोना लेकर आया था। कस्टम अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट की एयर इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा विकसित खुफिया जानकारी के आधार पर बृहस्पतिवार को जेद्दा से दिल्ली आए एक युवक को कस्टम अधिकारी ने ग्रीन चैनल पार करने के बाद रोका। जब उस पर शक हुआ तो उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसके अंदर पहने हुए अंडरवियर की पट्टी में रासायनिक पेस्ट के रूप में सोना मिला। किसी को इसकी जानकारी न मिले इसलिए आरोपित ने दो अंडरवियर पहने हुए थे। इसका वजन 1321 ग्राम था। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# गन्ना समिति द्वारा किसानों को पर्ची कम मिलने से किसानों में उबाल, सौंपा ज्ञापन



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

स्योहरा। भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने बताया कि स्योहारा शुगर मिल द्वारा स्योहारा गन्ना समिति को पर्याप्त मात्रा में गन्ना पर्ची इंडेंट नहीं देने पर किसान अपना गन्ना समय से स्योहारा शुगर मिल में नही डाल पा रहे हैं। और उनकी गेहूं की बुवाई भी प्रभावित हो रही है किसानों की इस समस्या का समाधान कराने के लिये भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में सहकारी समिति स्योहारा में इकट्ठा हुए और वहाँ से नारेबाजी करते हुए थाने पहुंचे। उन्होंने छः सूत्रीय ज्ञापन थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार को सौंपा। ज्ञापन में किसानो की मांग को उल्लेखित करते हुए बताया कि स्योहारा गन्ना समिति को पर्ची इंडेंट कम जारी हो रहा है जिससे गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है अन्य समितियां का तीसरी फोरनेट का तीसरा कालमम चल रहा है जबकि स्योहारा गन्ना समिति का दूसरे फॉरनेट का सातवां कालम शुरू हुआ है। शुगर मिल द्वारा किसानों को प्रेसमेंट खाद भी नहीं मिल पा रही। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी किसानों को शुरू से ही प्रेसमेंट खाद मिलना चाहिए था। सहकारी समितियो और गान्ना समितियां में गेहूं बुवाई के लिए डीएपी और एमपी के खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं है। जिससे किसान इधर-उधर खाद के लिए भटकते फिर रहे हैं शुगर मिल में गन्ने तुलने वाले वाहनों का क्रॉस वेट 2 कुंतल कम कर दिया। सेंटरो से गन्ना लेकर आने वाले ट्रैकों में ओवरलोड गन्ना आ रहा है जिससे आए दिन जनहानि की दुर्घटनाएं हो रही हैं ओवर। लोड गन्ना ढुलाई को तुरन्त रोका जाए।ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने चेतावनी देते हुए बताया किसानो की इन सभी समस्याओं का 8 दिसंबर तक निस्तारण नहीं हुआ तो 9 दिसंबर को आंदोलन शुरू किया जाएगा। थाने और खंड विकास कार्यालय में बिना पर्चियां के ही गन्ना तुलवाने का काम करेंगे। जिसके पूर्णतया जिम्मेदारी शुगर मिल अधिकारियों और प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में रामचरण सिंह, गजराम सिंह, सत्यवीर सिंह, इस्लामुद्दीन, भूपेंद्र सिंह, आलोक सिंह ब्रह्मपाल सिंह, सुखवीर सिंह, निर्पेंद्र राणा, बबली सिंह, ठाकुर योगेश कुमार, कुमारपाल प्रधान, अभय प्रधान, नवीन कुमार, राधे आदि सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# गन्ना समिति द्वारा किसानों को पर्ची कम मिलने से किसानों में उबाल, सौंपा ज्ञापन



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहरा। भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने बताया कि स्योहारा शुगर मिल द्वारा स्योहारा गन्ना समिति को पर्याप्त मात्रा में गन्ना पर्ची इंडेंट नहीं देने पर किसान अपना गन्ना समय से स्योहारा शुगर मिल में नही डाल पा रहे हैं। और उनकी गेहूं की बुवाई भी प्रभावित हो रही है किसानों की इस समस्या का समाधान कराने के लिये भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में सहकारी समिति स्योहारा में इकट्ठा हुए और वहाँ से नारेबाजी करते हुए थाने पहुंचे। उन्होंने छः सूत्रीय ज्ञापन थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार को सौंपा। ज्ञापन में किसानो की मांग को उल्लेखित करते हुए बताया कि स्योहारा गन्ना समिति को पर्ची इंडेंट कम जारी हो रहा है जिससे गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है अन्य समितियां का तीसरी फोरनेट का तीसरा कालमम चल रहा है जबकि स्योहारा गन्ना समिति का दूसरे फॉरनेट का सातवां कालम शुरू हुआ है। शुगर मिल द्वारा किसानों को प्रेसमेंट खाद भी नहीं मिल पा रही। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी किसानों को शुरू से ही प्रेसमेंट खाद मिलना चाहिए था। सहकारी समितियो और गान्ना समितियां में गेहूं बुवाई के लिए डीएपी और एमपी के खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं है। जिससे किसान इधर-उधर खाद के लिए भटकते फिर रहे हैं शुगर मिल में गन्ने तुलने वाले वाहनों का क्रॉस वेट 2 कुंतल कम कर दिया। सेंटरो से गन्ना लेकर आने वाले ट्रैकों में ओवरलोड गन्ना आ रहा है जिससे आए दिन जनहानि की दुर्घटनाएं हो रही हैं ओवर। लोड गन्ना ढुलाई को तुरन्त रोका जाए।ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने चेतावनी देते हुए बताया किसानो की इन सभी समस्याओं का 8 दिसंबर तक निस्तारण नहीं हुआ तो 9 दिसंबर को आंदोलन शुरू किया जाएगा। थाने और खंड विकास कार्यालय में बिना पर्चियां के ही गन्ना तुलवाने का काम करेंगे। जिसके पूर्णतया जिम्मेदारी शुगर मिल अधिकारियों और प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में रामचरण सिंह, गजराम सिंह, सत्यवीर सिंह, इस्लामुद्दीन, भूपेंद्र सिंह, आलोक सिंह ब्रह्मपाल सिंह, सुखवीर सिंह, निर्पेंद्र राणा, बबली सिंह, ठाकुर योगेश कुमार, कुमारपाल प्रधान, अभय प्रधान, नवीन कुमार, राधे आदि सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अजमेर दरगाह मामले में वादी विष्णु गुप्ता को मिली जान से मारने की धमकी

- कॉलर ने कहा- तूने अजमेर दरगाह का केस फाइल करके बहुत बड़ी गलती कर दी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, ।अजमेर दरगाह संकट मोचन महादेव मंदिर मामले में वादी हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाला कॉलर कनाडा से है। वहीं भारत से भी कॉल आया।

कॉलर ने बोला, तेरा सर कलम कर दिया जाएगा और ह्यगर्दन काट दी जाएगी।

तूने अजमेर दरगाह का केस फाइल करके बहुत बड़ी गलती कर दी। धमकी देने वाले की शिकायत थाना बाराखंबा नई दिल्ली में दर्ज कर दी गई है।

इन धमकियों पर विष्णु गुप्ता ने कहा, मैं यहां कहना चाहता हूं, हम ऐसे धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हम कानून के तहत काम कर रहे हैं और कोर्ट जाना हमारा अधिकार है।

हम कोर्ट के माध्यम से अपने मंदिरों को वापस लेकर रहेंगे और अजमेर दरगाह संकट मोचन महादेव मंदिर था है और रहेगा।

दरअसल, हिंदू सेना ने अजमेर शरीफ दरगाह के नीचे संकट मोचक महादेव मंदिर होने का दावा किया है। इसको लेकर उन्होंने अदालत में एक याचिका भी डाली, जिस पर कोर्ट सुनवाई के लिए राजी हो गया।

इसके बाद राजनीतिक विवाद शुरू हो गया। दरअसल, मथुरा, वाराणसी और धार में मस्जिदों और दरगाहों पर इसी तरह के दावे किए गए हैं। अजमेर की एक सिविल अदालत न इससे जुड़ी याचिका को स्वीकार करते हुए सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है।

कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 दिसंबर जारी की है।

अदालत में हिंदू सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने वकील शशि रंजन कुमार सिंह के माध्यम से 26 सितम्बर को याचिका दायर की गई थी।

क्या है अजमेर दरगाह का इतिहास ईरान (फारस) के एक सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने अजमेर को अपना घर बनाया था और मुगल सम्राट हुमायूं ने उनके सम्मान में एक दरगाह बनवाई थी। अकबर और उनके पोते शाहजहां ने अजमेर दरगाह परिसर के अंदर मस्जिदें बनवाई थीं।

अजमेर शरीफ दरगाह की गिनती भारत की सबसे बड़ी पवित्र धार्मिक स्थलों में की जाती है।

### शहर की सड़कों पर मार्किंग की जाएगी

नोएडा, । सेक्टर-71 अंडरपास से सेक्टर-105 तक और महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-71 अंडरपास तक सड़क पर स्पीड ब्रेकर समेत अन्य जगह पर थरमोप्लास्टिक पेंट और मार्किंग की जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। इच्छुक एजेंसियां 12 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि सड़क के इस हिस्से में मार्किंग नहीं होने से स्पीड ब्रेकर, यूटर्न आदि जगह लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में थरमोप्लास्टिक पेंट के लिए टेंडर जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अब सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। अगले महीने फरवरी तक कोहरा पड़ता है, जिसमें सड़क हादसे होने का अधिक खतरा रहता है। ऐसे में प्रयास है कि अगले महीने के मध्य या अंत तक यह काम पूरा करा लिया जाए। पेंट होने से दूर से ही वाहन चालकों को स्पीड ब्रेकर आदि चीजों का पता चल जाएगा।

### सीबीआई से जांच की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त करने का किया अनुरोध

नई दिल्ली, । दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में सीबीआई से राव आईएएस स्टडी सर्कल मामले की जांच की निगरानी के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त करने का अनुरोध किया है। एक मृत छात्र नेविन डाल्विन के पिता ने जांच अधिकारी को बदलने का निर्देश देने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था। ट्रायल कोर्ट ने पहले उनकी याचिका खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने डाल्विन सुरेश द्वारा दायर याचिका पर 27 नवंबर को एक आदेश पारित किया और कहा, ह्लसीबीआई निदेशक से अनुरोध किया जाता है कि वह सीबीआई द्वारा की जा रही जांच की नियमित निगरानी के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को नियुक्त करें। मेरा मानना है कि वर्तमान याचिका में कोई और निर्देश पारित करने की आवश्यकता नहीं है ह्व न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, ह्लइस अदालत को उम्मीद और भरोसा है कि सीबीआई याचिकाकर्ता का विश्वास बनाए रखेगी। अदालत इस तथ्य से अवगत है कि वर्तमान मामले में शिकायतकर्ता या याचिकाकर्ता की कुछ वास्तविक चिंताएं हो सकती हैं ह्व हाईकोर्ट ने कहा कि अदालत अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश पर विचार कर रही है, जिसमें याचिकाकर्ता का आवेदन इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि धारा 156 (3) के तहत, कोई निर्देश नहीं दिया जा सकता है। अब सीबीआई को एफआईआर दर्ज करनी होगी और

## संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा बड़ा पुत्र निहाल हैदर गलत संगत मे पड़ गया है। जोकि रोजाना वह मेरे साथ बदतमीजी, मारपीट एवं गाली गलौज करता है। इस लिए मै आज से उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद उसके द्वारा किए गए कोई भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। वह स्वयं जिम्मेदार हैं।

नाम- आदिल रजा. पुत्र मरहूम अख्तर हुसैन, निवासी फन्देड़ी सादात, तहसील धनौरा जनपद अमरोहा

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस सं. 76/2024-2025 दिनांक 29.11.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02240068B | हेर्मेटिकली सील्ड कंप्रेसर सकरोल टाइप | 836 नग | 23.12.24 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

3693/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आम आदमी पार्टी फिरौती वसूल करने वाली पार्टी बन गयी है : भाजपा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली, । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बालियान की कुछ ऑडियो क्लिप जारी करते हुए आज आरोप लगाया कि शराब घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाली पार्टी अब गेंगस्टर के साथ मिल कर फिरौती वसूलने वाली पार्टी बन गयी है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया और दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में ऑडियो क्लिपों को मीडिया को सुनवाया और यह आरोप लगाया। भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुनौती दी कि वे इन ऑडियो क्लिपों को सुनकर विधायक को निष्कासित करें अन्यथा माना जाएगा कि ये वसूली उनके कहने से की जा रही है। श्री भाटिया ने कहा,कट्टर बेईमान और पापी आम आदमी पार्टी अब कट्टर गुंडों की पार्टी बन गई है। पापी आप का विधायक भी है और गैंगस्टर भी है। पापी आप का सबसे बड़ा समर्थक गैंगस्टर हैं, जो खुलेआम वसूली करते हैं। पापी ह्यआपह्ण का गुंडा विधायक अरविंद केजरीवाल की सहमति से अब वसूली और फिरौती का रैकेट चला रहा है। एक ऑडियो क्लिप सामने आया है, जिसमें पापी ह्यआपह्ण के विधायक नरेश बाल्यान एक गैंगस्टर से बातचीत कर रहे हैं। इसमें वह एक बिल्डर से पैसे वसूलने के लिए उस गैंगस्टर से कह रहे हैं। श्री भाटिया ने कहा, पापी आप के विधायक और गैंगस्टर में सांठगांठ, घनिष्ठता और मित्रता ऐसी है कि सारी सूचना का आदान-प्रदान हो रहा है। और विधायक इंगित कर रहा है कि इस बिल्डर को बुलाओ और उसे डराओ, धमकाओ। जब उसकी जान पर बन आएगी तो फिरौती मिलेगी और जब फिरौती एवं वसूली होगी वो हवाला के जरिए ली जाएगी और उसके बाद उसको बांटा जाएगा। ये किसी विधायक का चरित्र नहीं हो सकता, लेकिन विधायक अगर पापी आप का है तो ऐसा हो सकता है। भाजपा प्रवक्ता ने श्री केजरीवाल को चुनौती देते हुए कहा, इस ऑडियो क्लिप के आने के बाद क्या अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना क्या इस विधायक को पार्टी से तुरंत निष्कासित करेंगे? अगर वो ऐसा नहीं करेंगे, तो ये मान लिया जाएगा कि ये सारी वसूली जो हो रही है, ये अरविंद केजरीवाल के कहने पर ही हो रही है। श्री सचदेवा ने मांग की कि चूंकि दिल्ली की कानून व्यवस्था केन्द्र सरकार के हाथ में है, इसलिए जांच एजेंसियों को मामले की तहकीकात करके दोषियों को सलाखों के पीछे भेजना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी दिल्ली को अपराधियों की राजधानी बनाना चाहती है। इसलिए उसके विधायक ये फिरौती रंगदारी का खेल रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार केजरीवाल या आतिशी मालेर्ना नहीं बल्कि गैंगस्टर चला रहे हैं।

## पश्चिमी दिल्ली की सांसद के गाँव में ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार का फैसला

### गाँव देहात बचाओ यात्रा द्वारका के अंमबाराई गाँव पहुँची

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी नेतृत्व में गाँव देहात बचाओ यात्रा द्वारका के अंमबराई गाँव पहुँची। पंचायत की अध्यक्षता चौधरी सुबे सिंह ने की। जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस पंचायत का मुख्य उद्देश्य गांवों की गंभीर समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना था। खासतौर पर हाउस टैक्स माफी कि घोषणा जो पिछले साल मेयर द्वारा कि गई थी। उसका नोटिफिकेशन तुरंत लाया जाए, पुश्तैनी संपत्ति का मालिकाना हक निशुल्क दिया जाए, जिन किसानों की भूमि अधिग्रहण में गई थी, उनके वैकल्पिक प्लॉट तुरंत दिये जाए। लाल डोरे का विस्तार किया जाए, 74/4 एवं 20 सूत्री के तहत आवंटित भूमि व प्लॉट का मालिकाना तुरंत दिया जाए। चौ सुरेंद्र सोलंकी ने पंचायत के दौरान कहा कि दिल्ली के गाँवों के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। किसी भी सरकारों ने गाँवो के ऊपर कोई ध्यान नहीं दिया। आज हालात इतने खराब हो चुके कि गाँवो के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं और हमारी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया। कौड़ियों के भाव हमारी जमीन ले ली गई। शहरीकरण के नाम पर ग्राम सभा की जमीने सारी सरकारों ने कब्जा ली। अब सरकारों का प्रयास है, कि गाँव के अस्तित्व को खत्म कर दिया जाए। गाँव की जमीनों पर शहर बसे, मेट्रो निकली, स्टेशन बने, लेकिन वहाँ पर गाँवो के नाम और निशान हटा दिए गए। हम सरकार से माँग करते हैं जिन गाँव की जमीनों पर मेट्रो दिल्ली या सरकारी अस्पताल या कोई बड़ा कॉलेज या अन्य सरकारी संस्थान बने तो उन गांवों के नाम और निशान से उसकी पहचान हो। जिससे गाँव का आस्तित्व भी बना रहे। दिल्ली के वो 360 गाँव हैं, जिन्होंने दिल्ली को सुरक्षित रखा है। जिन्होंने दिल्ली के डेवलपमेंट में अहम भूमिका निभाई है। जो कहीं न कहीं शहरीकरण के नाम पर ये गाँव लुप्त होते जा रहे हैं। जो नहीं होना चाहिए, जिससे स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। सोलंकी ने सरकार पर आरोप लगाया कि गांवों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। जबकि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है, ग्रामीण इलाकों में पेड़ों के सूखने से पर्यावरणीय संकट और गहरा गया है। जहां एक ओर दिल्ली में पर्यावरण और प्रदूषण की समस्या पर जोर दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इन गांवों की अनदेखी कर सरकार एक बड़ा दोहरा मापदंड अपना रही है। ग्रामीणों की परेशानियों को हल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने पंचायत में यह भी कहा कि अगर सरकार जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं करती, तो ग्रामीण बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि गांवों की जनता अब जागरूक हो चुकी है और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को तैयार है। पानी की निकासी, सिंचाई व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना बेहद आवश्यक हो गया है। पंचायत में मौजूद रहने वालों मे चौ. देवेंद्र प्रधान, समय सहरावत, समिति के अध्यक्ष रमेश सहरावत, चन्द्रभाण, सूरजभान, तारीफ, राजू, बलवान आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली की समस्याओं को मेनिफेस्टो में बताने के साथ-साथ उसे पूरा भी करें दल : विजय गोयल




नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासत तेज हो गई है। इस बीच, पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लोक अभियान के तहत जनता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार की योजनाओं के बारे में उनसे फीडबैक लिया। भाजपा नेता विजय गोयल ने शनिवार को कहा, ह्वदिल्ली के चुनाव फरवरी में आने वाले हैं और कुछ ही महीने बचे हैं। ऐसे में दिल्ली का चुनाव किन मुद्दों पर होना चाहिए, इस पर हम जनता की राय मांग रहे हैं। हमने कनॉट प्लेस में स्थित मेट्रो स्टेशन के बाहर मौजूद लोगों से फीडबैक लिया है। उन्होंने आगे कहा,दिल्ली में प्रदूषण की ही नहीं समस्याएं कई हैं। जल हो, सीवर हो, बांग्लादेशी रोहिंग्या का मामला हो या फिर अस्पतालों में दवाई नहीं मिलने की समस्या हो, यहां की जनता से इन सभी मुद्दों पर विचार लिए जा रहे हैं। मैं समझता हूं कि अभी तक का जो सर्वे हुआ है, उसमें जल और सीवर सबसे बड़ी समस्या है। इसके अलावा पार्किंग, प्रदूषित यमुना और कूड़े की समस्याओं पर लोगों ने अपनी राय दी है। विजय गोयल ने सभी पार्टियों से अपील करते हुए कहा कि मेरा मानना है कि सभी पार्टियों को अपने मेनिफेस्टो में इसे डालना चाहिए, समस्याओं को ही केवल न डालें बल्कि मेनिफेस्टो में इसके समाधान की भी बात हो। उन्होंने आगे कहा, सवाल यह है कि दिल्ली की जनता कहती है कि मुफ्त की रेवड़ियों से पहले साफ पानी, साफ हवा और पूरी बिजली चाहिए। यह अभियान दिल्ली के अलग-अलग भागों के अंदर चलेगा। हमारे वालंटियर जनता के बीच जाएंगे और उनसे राय लेंगे। इसके बाद हम सबको बताएंगे, ताकि पार्टी अपने मेनिफेस्टो में इन समस्याओं को बता सके। निश्चित तौर पर जो सारी समस्याएं आएंगी, वह दिल्ली सरकार से संबंधित है। बीजेपी भी चाहेगी कि इन समस्याओं को हल करें और उसी के अंतर्गत हम काम कर रहे हैं।

## शाहिद भगत सिंह की प्रतिमा के पास किया गया तोड़फोड़

- मार्बल के पत्थर और शीशे को असमाजिक तत्वों ने तोड़ा
- वसंत कुंज थाना में पूर्व पार्षद ने दी लिखित शिकायत
- साउथ दिल्ली के मसूदपुर पार्क में स्थित है प्रतिमा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



साउथ दिल्ली के मसूदपुर डेरी इलाके में शहीद भगत सिंह पार्क में लगे शहीदे आजम भगत सिंह की मूर्ति के सौंदर्य करण मे लगा मार्बल के पत्थर की पट्टी और भगत सिंह के प्रतिमा के ऊपर लगा शीशे का कवर असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दिया है।
यह घटना लोगों के लिए हैरान कर देने वाली है। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है।
घटना की जानकारी के बाद पूर्व निगम पार्षद मनोज महलावत ने लिखित शिकायत वसंत कुंज थाने में दी। दिल्ली पुलिस से इस मामले की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है, की रहा है। असामाजिक तत्व रात के अंधेरे में आकर मार्बल के मोटे पत्थर को टुकड़े-टुकड़े कर दिया।
उस पर शहीदे आजम भगत सिंह की जीवनी से जुड़ी कई बातें लिखी हुई थी।
यह भी अंदेशा है।
कि हो सकता है मूर्ति खंडित करने के नियत से जब उन्होंने मूर्ति पर पत्थर मारा तो शीशे का कवर होने के कारण मूर्ति बच गई और शीशा के टूटने की आवाज से वह लोग भाग गए हों। भगत सिंह की मूर्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए मार्बल के पत्थर और शीशे पूरी तरह से टूट गए हैं। मसूदपुर के इस पार्क में लगे शहीदे आजम भगत सिंह की मूर्ति को लेकर स्थानीय लोगों में काफी आस्था है। क्षेत्र का कोई भी आयोजन इसी पार्क में होता है। ,हर कार्यक्रम में यहां काफी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं। शहीद ए आजम के जन्मदिन के मौके पर यहां भारी संख्या में युवा इकट्ठा होते हैं। इस घटना के बाद एक तरफ स्थानीय लोगों में नाराजगी है। कैप्शन मूर्ति के ऊपर लगे शीशे तोड़े गए । मार्बल के पत्थर को भी तोड़ दिया गया।

## एटीएम से नकदी चोरी करने वाले मेवाती गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली, । दक्षिण पश्चिम जिले के आर.के. पुरम पुलिस स्टेशन ने अंतर-राज्यीय मेवाती गिरोह के दो सदस्य, मोहम्मद ताहिर (32) और मोहम्मद अकर्म (29), को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने एटीएम मशीन के कैश डिस्पेंसिंग स्लॉट को ब्लॉक करने के लिए इम्प्रोवाइज्ड उपकरणों का इस्तेमाल किया और फिर एटीएम से नकदी चुराई। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 10 क्रेडिट/डेबिट कार्ड, 2 इम्प्रोवाइज्ड डिवाइस, एक स्वचालित चाकू, कैंची, स्क्रूड्राइवर, गोंद की छड़ी और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। आरोपियों ने पिछले दो दिनों में एटीएम से पांच लोगों से नकदी चुराई : पुलिस के मुताबिक, 23 नवंबर 2024 को जब पुलिस टीम गश्त पर थी, उन्हें सूचना मिली कि दो लोग आर.के. पुरम और आसपास के इलाके में एटीएम मशीनों को निशाना बना रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ के बाद पता चला कि इन आरोपियों ने पिछले दो दिनों में दिल्ली के विभिन्न एटीएम से पांच लोगों से नकदी चुराई थी। आरोपी ताहिर पहले भी हरियाणा के फरीदाबाद में इसी तरह के एक मामले में गिरफ्तार हो चुका था और वर्तमान में जमानत पर था। पुलिस ने आरोपियों से कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की हैं और उनकी अन्य वारदातों के बारे में जांच जारी है। पुलिस की कड़ी मेहनत और तत्परता से यह बड़ी गिरफ्तारी हुई, जिससे कई मामले हल हुए और एटीएम से जुड़ी धोखाधड़ी की घटनाओं पर नियंत्रण पाया गया है। नोएडा फेज दो थाने में एटीएम में धोखाधड़ी करने वाले शिकंजे में: इसके पहल इस महीने में ही नोएडा फेज दो थाने में मदद के बहाने एटीएम बूथ के अंदर भोले-भाले लोगों का कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाश पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हो गए। घायल बदमाशों के पास से अलग-अलग बैंकों के 26 एटीएम कार्ड, चोरी की मोटरसाइकिल और तमंचा सहित अन्य सामान बरामद हुआ था। इस तरह एटीएम लूट करने वाले गिरोह लगातार सक्रिय हैं और पुलिस लगातार उनपर अपनी नजर बनाए रखा है।

## पुलिसकर्मी को धक्का दे थाना की दीवार से लगाई छलांग

- दो दिन बाद ईलाज के दौरान हॉस्पिटल में युवक ने तोड़ दम
- मां पिता और चाचा पर किया था चाकू से जानलेवा हमला
- उसी मामले में पूछताछ के लिए लाई थी मायापुरी पुलिस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




पश्चिमी दिल्ली के मायापुरी थाना के पुलिस कर्मियों से भागने के प्रयास में थाना की दीवार से छलांग लगाने वाले एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। जिसमें इलाज के दौरान दो दिन बाद उस युवक की मौत हो गई है। जिसकी पहचान 26 साल के अंशुमन के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में आगे की कारवाई कर। रही है। इस मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस मुख्यालय ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 नवंबर को यह घटना हुई थी। तीन लोगों पर एक युवक ने चाकू से हमला किया था। जिसमें पति पत्न ी और महिला का देवर घायल हो गए थे। तीनों के शरीर पर चाकू लगा हुआ था। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि 26 साल का एक युवक अंशुमन तनेजा ने चाकू से इन पर हमला किया है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस टीम आरोपी अंशुमन तनेजा को पूछताछ के लिए थाने ले आई। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान अचानक अंशुमान ने पुलिसकर्मी को धक्का दिया और भागने के लिए छलांग लगा दी। उसके सर में गंभीर चोट लगी, उसे तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 2 दिन के बाद गुरुवार 28 नवंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस की तरफ से परिवार वालों को पूरी जानकारी समय पर उपलब्ध करा दी गई है और इस मामले की जांच की जा रही है। वहीं युवक अंशुमन तनेजा द्वारा किए गए चाकू के वार से घायल उसके माता पिता और चाचा की हालत अब खतरे से बाहर है।

## दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में रहा

नई दिल्ली, । दिल्ली में शनिवार सुबह वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई और न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रति घंटे आंकड़े उपलब्ध कराने वाले समीर ऐपके अनुसार, सुबह नौ बजे के आसपास वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 351 दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बेहद खराब तथा 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है। मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ रहने का पूवार्नुमान जताया है। इसने बताया कि अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 97 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## साउथ दिल्ली के पंचशील पार्क में हुई बुजुर्ग की हत्या मामले में उनके परिजनों से मिले अरविंद केजरीवाल, दिया हर संभव मदद का भरोसा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

साउथ दिल्ली के पंचशील पार्क इलाके में हुई बुजुर्ग की हत्या मामले में शनिवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उनके परिजनों से मुलाकात की। वह शाम करीब चार बजे मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे थे। अरविंद केजरीवाल ने परिजनों से हत्या के बारे में जानकारी ली और उन्हें हर संभव मदद देने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पंचशील पार्क में बुजुर्ग की हुई निर्मम हत्या से दिल्ली में हर कोई डरा हुआ है। अमित शाह जी, दिल्ली के बढ़ते अपराध पर आखिर कब एक्शन लेंगे? उन्होंने कहा कि व्यापारियों को फिरौती की कॉल आ रही है, शूटआउट हो रहे हैं और महिलाएं तक असुरक्षित हैं, दिल्ली में चारों तरफ अपराध ही अपराध हो रहा है। इसके बावजूद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कोई एक्शन नहीं ले रहे हैं। पीड़ित परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम अभी पंचशील पार्क में हैं जो दिल्ली का एक तरह से सबसे पॉश इलाका माना जाता है। यहां पर अभी कुछ दिन पहले एक 64 साल के बुजुर्ग की गला काटकर और उनके शरीर को चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मैं अभी-अभी उनके परिवार से मिलकर आ रहा हूं। हम उनके घर के सामने ही खड़े हैं। उनका परिवार बहुत सदमे और दुख में है। क्योंकि पता नहीं चल पा रहा है कि यह क्यों और कैसे हुआ। वह दिल्ली के वरिष्ठ नागरिक थे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस घटना से अन्य सीनियर सिटीजन भी सदमे में हैं। व्यापारियों को फिरौती की कॉल आ रही हैं। दिल्ली में शूटआउट्स हो रहे हैं। महिलाएं असुरक्षित हैं। पूरी दिल्ली में बुरी तरह से अफरा-तफरी मची हुई है। चारों तरफ क्राइम ही क्राइम हो रहा है। मैं अमित शाह से कहना चाहता हूं कि आप कब इसके खिलाफ एक्शन लेंगे। जब से अमित शाह गृह मंत्री बने हैं, तब से दिल्ली के अंदर स्थिति बद से बद्तर होती जा रही है।

## दिल्ली: पुलिस हिरासत से भागने के प्रयास में एक युवक की मौत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । पश्चिमी दिल्ली के मायापुरी थाने में कथित तौर पर हिरासत से भागने की कोशिश में दीवार फांदते समय गिरने से 26 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अंशुमन तनेजा को उसके माता-पिता और अन्य रिश्तेदार पर चाकू से हमला करने के मामले में पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। यह घटना 26 नवंबर की है। पुलिस ने एक बयान में कहा, जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पीड़ितों ने बताया कि उनके बेटे अंशुमन ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और अंशुमन को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। उन्होंने कहा, भागने की कोशिश में अंशुमन ने कर्मचारियों को धक्का दिया और दीवार फांदते समय गिर गया। पुलिस ने बताया कि गिरने से अंशुमन के सिर में चोट लग गई और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने कहा कि 28 नवंबर को एलएनजेपी अस्पताल में इलाज के दौरान अंशुमन ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच से संबंधित सभी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है और परिवार के सदस्यों को कार्यवाही के बारे में अवगत कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, मृतक के चाचा को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि उसके माता-पिता का सैन्य अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि उसके पिता नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। अंशुमन अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी बहन की शादी हो चुकी है और वह दिल्ली में ही रहती है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 24 नवंबर की आधी रात को अंशुमन ने पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को कॉल कर अपने घर में डकैती की सूचना दी थी जो बाद में फर्जी पाई गई। उसके परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि उस समय उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। पुलिस ने बताया कि उप-मंडल अधिकारी (एसडीएम) से जांच कराई जाएगी और थाने में उसकी मौत के मामले में भी जांच जारी है।

## पंजाबी बाग के पश्चिम पुरी में हिट एंड रन का मामला

### कार सवार ने मारी युवक को टक्कर, हॉस्पिटल में भर्ती

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग थाना इलाके में हिट एंड रन का मामला सामने आया है।
एक तेज रफ्तार गाड़ी ने सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक हवा में उछलकर सड़क की दूसरी तरफ जा गिरा यह हादसा पश्चिम पूरी इलाके में बुधवार देर रात 1:22 के आसपास का बताया जा रहा है।
घायल युवक फ्टछ हॉस्पिटल में भर्ती है जहाँ उसका इलाज चल रहा है।
घायल युवक का नाम निखिल सांकला, उम्र लगभग 28 साल है।
इससे संबंधित एक फुटेज भी आया है, जिसमें देखा जा रहा है, तेज रफ्तार कार सड़क पार करते समय युवक को कैसे जोरदार टक्कर मारती है।
जिससे वो दूर जाकर बीच सड़क पर गिर जाता है।
घायल युवक के चेहरे समेत पूरे बॉडी पर गंभीर चोटे आई है। आरोपी कार चालक का कुछ पता नही चला है।
फिलहाल पुलिस कार चालक का पता लगा रही है।
डीसीपी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से पता लगाया जा रहा है।

## नोएडा सीईओ ने जन स्वास्थ्य व उद्यान विभाग के कार्यों का किया निरीक्षण, सड़क किनारे निकली टाइल्स पर जताई नाराजगी

नोएडा, । नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने शनिवार को वर्क सर्किल-10 के क्षेत्र में जन स्वास्थ्य एवं उद्यान विभाग से संबंधित कार्यों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई जगहों पर अनियमितताएं देखने को मिली। इस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने सेक्टर-124 में पार्किंग के लिए निर्धारित भूखण्ड पर पार्किंग एवं व्यवसायिक गतिविधियों को चालू करने के निर्देश दिए। एमिटी विश्वविद्यालय एवं एक्सप्रेस वे के मध्य ग्रीन बेल्ट में पौधे लगाने व घास लगाकर विकसित करने के साथ ही फुटपाथ के पीछे भाग की उचित ढंग से सफाई करने को कहा। वहीं विश्वविद्यालय के पास सडक के किनारे लगी टाइल्स निकली हुई मिलने पर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उचित प्रकार से टाइल्स लगाने तथा गोलचक्कर चौराहे के सौन्दर्यकरण के निर्देश दिए। उन्होंने एक्सप्रेस वे पर सेक्टर-44 व 125 के मध्य सेंट्रल वर्ज पर लगे फाउंटेन की दीवारों की उचित प्रकार से सफाई करने व ग्रेनाइट स्टोन की पॉलिस करने,एक्सप्रेस वे पर चरखा टी-प्वाइंट के चारों तरफ लगे स्टोन पिलरों की मरम्मत कर पुनः स्थापित करने को जन स्वास्थ्य एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों से कहा। वर्क सर्किल-10 के क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान सीईओ का काफिला सेक्टर-157 के पास टीसीएस कंपनी के साथ औद्योगिक सेक्टरों में प्रवेश करने वाले मार्ग पर पहुंचा। यहां पर उन्हें फुटपाथ पर गंदगी मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सफाई करने के निर्देश दिए। सेक्टर-151 व 152 के सम्मुख मुख्य मार्ग पर उद्यान विभाग द्वारा पेडों की छंटाई की गई है। छंटाई के बाद पेडों को सडकों के किनारे एकत्रित किया गया है। उनको उठवाने एवं उचित ढंग से सफाई करने तथा ग्राम कोडली के समीप मुख्य मार्गो एवं खाली भूमि पर अवैध रूप से मार्किट लगााकर अतिक्रमण होने पर उक्त भूमि पर से अतिक्रमण हटाने एवं नोएडा प्राधिकरण की भूमि के बार्ड लगाने को कहा।

## केजरीवाल के वादे धोखा, दिल्ली की जनता में आक्रोश : देवेंद्र यादव

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। देवेंद्र यादव ने कहा कि जो नेता कभी कहते थे कि वह किसी प्रकार की सुविधाएं नहीं लेंगे, तीन कमरे के मकान में हम रह लेंगे, सिक्योरिटी नहीं लेंगे, उनकी पोल खुल गई है। केजरीवाल का शीशमहल 175 करोड़ रुपये की लागत से बना है, जिसमें गोल्ड प्लेटेड कमोड भी लगाया गया है। दिल्ली की जनता के सामने इसे एक्सपोज किया जाना चाहिए, कहीं न कहीं दिल्ली की जनता इससे आहत है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की असलियत को दिल्ली की जनता के सामने लाना बेहद जरूरी है, क्योंकि उनका जो व्यक्तित्व पहले जनता के सामने था, वह पूरी तरह से बदल चुका है। देवेंद्र यादव ने केजरीवाल के सरकारी सुविधाओं के विरोधाभासी दावों और चुनावी वादों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली की जनता अब उनकी असलियत जान चुकी है। देवेंद्र यादव ने कहा कि केजरीवाल के चुनावी वादे जैसे सस्ती बिजली और मुफ्त पानी, अब जनता के लिए एक धोखा साबित हो चुके हैं। कांग्रेस किसी भी प्रकार के गठबंधन के लिए तैयार नहीं है और दिल्ली की जनता अब सही जवाब देने के लिए तैयार है। बता दें कि दिल्ली में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। आप और कांग्रेस दोनों ही इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। कांग्रेस, जो काफी समय से सत्ता से बाहर रही है, इस बार सत्ता में वापसी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पार्टी की कोशिश है कि वह अपने पुराने जनाधार को फिर से हासिल करें और जनता के बीच अपनी छवि को सुधारते हुए मजबूत प्रदर्शन करें। दूसरी तरफ, आम आदमी पार्टी जो वर्तमान में दिल्ली में सत्ता में है, वह अपने शासन को बनाए रखने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। इसके चलते, दोनों प्रमुख पार्टियों के बीच राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो चुकी है, जिसमें आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। कांग्रेस की ओर से भाजपा और आप पर लगातार हमले किए जा रहे हैं, जबकि आम आदमी पार्टी सत्ता विरोधी माहौल को अपनी उपलब्धियों और वादों से बदलने की कोशिश कर रही है। चुनावी रणनीतियों के तहत दोनों पार्टियों ने जनता को आकर्षित करने के लिए कई वादे किए हैं और आगामी चुनावों को लेकर सभी अपनी पूरी ताकत से चुनावी मैदान में हैं।

## न्याय यात्रा में दिल्ली के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का मंच टूटा, किसी को गंभीर चोट नहीं

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली, । कांग्रेस की न्याय यात्रा वेस्ट दिल्ली के तिहाड़ इलाके में पहुंची थी, तभी हादसा हो गया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के लिए मंच बनाया गया था जिसमें देवेंद्र यादव के अलावा अमृता धवन और काफी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। अचानक मंच का आधा हिस्सा टूट गया और आधे हिस्से में खड़े कांग्रेस नेता नीचे गिर गए। देवेंद्र यादव भी गिरे। किसी को गंभीर चोट नहीं आई। चुनाव के ऐलान से पहले ही तैयारी: राजधानी में चुनाव की तारीख का भले ही ऐलान न हुआ हो लेकिन बीजेपी हो या आम आदमी पार्टी या फिर कांग्रेस सभी चुनावी तैयारी में जुटे हुए हैं और कांग्रेस की न्याय यात्रा अपने अंतिम चरण में वेस्ट दिल्ली के हरि नगर विधानसभा क्षेत्र में पहुँची। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। कांग्रेस का आप पर भ्रष्टाचार का आरोप: यात्रा के दौरान दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की वर्तमान आप सरकार पर जमकर हमला बोला और खास तौर पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। देवेंद्र यादव ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के शीश महल पर 175 करोड़ रुपए खर्च हुए, जो यह बताता है कि उन्हें दिल्ली की कितनी चिंता है। दिल्ली में कांग्रेस का किसी के साथ गठबंधन नहीं: इतना ही नहीं देवेंद्र यादव ने यह बात साफ कर दी कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी और आप के बीच कोई गठबंधन नहीं होने वाला। कांग्रेस स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद भी जताई। इस दौरान अरविंद केजरीवाल के 175 करोड़ रुपए के शीश महल की झांकी भी निकाली गई। कांग्रेस की इस न्याय यात्रा में जिस हिसाब से लोगों की भीड़ जुटी उस भीड़ को देखकर कहीं न कहीं पार्टी को आने वाले चुनाव से काफी उम्मीदें दिख रही होगी। बता दें कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने न्याय यात्रा निकाली, ताकि वह इस न्याय यात्रा के माध्यम से दिल्ली के लोगों को कांग्रेस से जुड़ने की कोशिश कर सकें। वहीं, दूसरी ओर विधानसभा चुनाव के एलान से पहले ही आम आदमी पार्टी और भाजपा ने भी तैयारी शुरू कर दी।

